दिन– शनिवार दिनांक– 18/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।

02 बिहार विधानसभा का विशेष सत्र चौबीस अप्रैल को बुलाया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सदन में पेश करेंगे विश्वास मत।

03. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– थ्री को विस्तारित करने का किया फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के विभिन्न भागों में तापमान में बढ़ोतरी। कई भागों में प्रचंड गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक का लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण पास नहीं हो सका। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। लोकसभा सांसद हेमा मालिनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं से बात करेंगे।

––साउंड बाइट––

---

नारी वंदन अधिनियम से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में गिर जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि विपक्ष के महिला विरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए एनडीए के सभी घटक दल मिलकर देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा। इस दौरान एनडीए की सभी महिला सांसद और महिला मंत्री राज्यवार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिला आरक्षण पर एनडीए के प्रयासों की जानकारी देंगी।

---

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने पर कहा कि कांग्रेस का रुख महिलाओं के हितों के

खिलाफ प्रतीत होता है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि देश भर की महिलाएं बड़ी उम्मीदों से देख रही थीं।

——साउंड बाइट——

कांग्रेस महिला विरोधी है और कांग्रेस ने बहुत ही गलत किया है। पूरे हिन्दुस्तान की महिलाएं बहुत उम्मीदभरी निगाहों से देख रही थी। 2029 में उनको आने से रोका है। जिस तरह से इन्होंने विरोध किया है आने वाले समय में महिलाएं कहीं का इनको नही छोडेंगी।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सरकार ने विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाला विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पेश किया था।

——साउंड बाइट——

नारी शक्ति बिल जिस तरह से गिरा, यह कांग्रेस पार्टी का चरित्र है। प्रधानमंत्री जी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जो 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। उनको सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत का आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में उन्होंने देने का प्रावधान लिखित दिया है और कांग्रेस पार्टी उसको गिरा के खुश हो रही है।

---

इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने दावा किया कि विपक्ष ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के संघीय ढांचे को बदलने और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयास को विफल कर दिया है। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की सच्ची वकालत के लिए निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता है और यह केवल राजनीतिक दांव—पेच से हासिल नहीं की जा सकती।

——साउंड बाइट——

कल जो हुआ वो लोकतंत्र के लिए बहुत बडी जीत है, जो सरकार की साजिश थी। संघीय ढांचे को बदलने की, लोकतंत्र को कमजोर करने की। उसको हराया गया। यह संविधान की जीत थी, देश की जीत थी और विपक्ष की एकता की जीत थी।

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की टिप्पणियों की आलोचना की। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रसाद ने कहा कि परिसीमन के बिना लोकसभा या विधानसभा में सीटों से संबंधित कोई संशोधन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना में काफी समय लगता है, इसलिए परिसीमन, पिछली जनगणना के आधार पर किया जा सकता है।

---

संसद के विशेष सत्र में नारी वंदन अधिनियम से संबंधित तीन संशोधन विधेयक दो तिहाई बहुमत के अभाव में लोकसभा में पारित नहीं हो सका। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके साथ

ही संसद का बजट सत्र भी समाप्त हो गया है। विशेष बजट सत्र की कार्यवाही के बारे में और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता...

——साउंड बाइट——

संसद के बजट सत्र की शुरूआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और दोनो सदनों की संयुक्त बैठक में एक संबोधन के साथ हुई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एक फरवरी को केन्द्रीय बजट पेश किया था। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और इससे भारत के सामने आ रही चुनौतियों पर दोनो सदनों में बयान दिया था। इसके अलावा लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने प्रयास पर भी चर्चा हुई। पहले यह बजट इस महीने की दो तारीख तक चलना था, लेकिन महिला आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पारित करने के लिए तीन दिन की विशेष बैठक के लिए विस्तारित किया गया। हालांकि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से संबंधित 131वां संशोधन विधेयक—2026 लोकसभा में पास नही हो सका, क्योंकि इसे दो तिहाई बहुमत नही मिला। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

बिहार विधानसभा का विशेष सत्र चौबीस अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इसी दिन विश्वास मत सदन में पेश करेंगे। विधानसभा सचिवालय ने विधानसभा की विशेष बुलाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। श्री चौधरी ने पंद्रह अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

---

पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। श्री कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी शामिल थे। माना जा रहा है कि कैबिनेट विस्तार को लेकर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई है।

---

राज्य सरकार ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। दोनों को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र और जदयू नेता निशांत कुमार को भी जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। जदयू के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को वाई—प्लस की सुरक्षा दी गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा श्रेणी जेड प्लस से बदलकर जेड श्रेणी कर दी गई है।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने हरिवंश नारायण सिंह के राज्यसभा के उपसभापति पद पर तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचन पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही और अधिक प्रभावी, संतुलित तथा सार्थक बनेगी।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को अट्ठावन फीसदी के जगह साठ फीसदी की दर से डीए और डीआर मिलेगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह निर्णय इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा।

––साउंड बाइट––

श्री वैष्णव ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– थ्री को मार्च दो हजार अट्ठाईस तक विस्तारित करने का निर्णय किया गया है। इससे ग्रामीण सड़कों के लक्षित उन्नयन को सुनिश्चित करने में सहयोग मिलेगा।

––साउंड बाइट––

---

हज यात्रा दो हजार छब्बीस के लिए राज्य के हज यात्रियों का पहला जत्था आज नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता हवाई अड्डे से रवाना हुआ। इस वर्ष बिहार से दो हजार पांच सौ बावन लोग हज के मुबारक सफर पर जा रहे हैं। बिहार हज कमिटी के सीईओ राशिद हुसैन ने बताया कि पांच मई तक हाजियों का जत्था मदीना जाएगा, जबकि छह मई से बीस मई तक जाने वाले यात्री जेद्दा हवाई अड्डे पर उतरेंगे। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर इंतजाम किये हैं। हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को बेहतर सुरक्षा और सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

---

आज विश्व धरोहर दिवस है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। एक रिपोर्ट...

——साउंड बाइट——

विश्व धरोहर दिवस का उद्देश्य विश्व के धरोहर स्थलों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। ये स्थल केवल किसी एक देश की संपत्ति नहीं होते, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर होते हैं। भारत में भी अनेक विश्व धरोहर स्थल हैं, जैसे ताजमहल, कुतुब मीनार, खजुराहो के मंदिर, हम्पी के स्मारक, अजंता–एलोरा की गुफाएँ, सुंदरबन डेल्टा और कितना ही कुछइये स्थल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत, स्मारकों, पुरावशेषों, पांडुलिपियों और ऐतिहासिक स्थलों से सुशोभित है। इनके संरक्षण के लिए पिछले दशक में नए सिरे से काम किया जा रहा है। इस कड़ी में पर्यटन, स्थानीय आजीविका और सांस्कृतिक से जुड़ी पहलें शुरू की गई हैं। विश्व धरोहर दिवस हमें यह संदेश देता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संजोकर रखना चाहिए। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

इधर, इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कायक्रम का आयोजन किया गया। हमारे गया संवाददाता ने बताया है कि विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर परिसर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी, बौद्ध विद्वानों और भिक्षुओं ने भाग लिया। पटना स्थित बिहार संग्रहालय, खुदाबख्श केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

औरंगाबाद जिले के नबीनगर में स्थापित भारतीय रेल बिजली कंपनी–बीआरबीसीएल के सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जाएगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने बताया कि आठ सौ मेगावाट बिजली उत्पाद की क्षमता वाले एक और इकाई की स्थापना की जाएगी।

——साउंड बाइट——

---

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के विभिन्न भागों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम पारा इकतालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू और गर्मी से बचने के लिए लोगों से आवश्यक उपाए करने की अपील की है। प्राधिकरण ने कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, खाली पेट बाहर न निकलें और साथ में पानी अवश्य रखें।

---

शेखपुरा जिला प्रशासन ने शेखपुरा में स्वाभियान अभियान की शुरुआत की है अंत्योदय की इस योजना के तहत ईंट भट्ठें में काम करने वाले लोगों और उनके बच्चों को सहायता दी जा रही है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।

02 बिहार विधानसभा का विशेष सत्र चौबीस अप्रैल को बुलाया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सदन में पेश करेंगे विश्वास मत।

03. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– थ्री को विस्तारित करने का किया फैसला।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के विभिन्न भागों में तापमान में बढ़ोतरी। कई भागों में प्रचंड गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।